# **<u>बीएचईएल ने नाल्को से स्टीम पावर प्लांट के लिए आदेश प्राप्त किया</u>**

नई दिल्ली, 11 जनवरी: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने कड़ी प्रतिस्पर्धात्मक बोली के अंतर्गत, नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) से स्टीम पावर प्लांट के लिए एक प्रतिष्ठित आदेश प्राप्त किया है।

नाल्को द्वारा ओडिशा के दामनजोडी स्थित अपनी 5वीं स्ट्रीम एलुमिना रिफाइनरी विस्तार परियोजना के लिए लगभग 450 करोड़ रुपये कीमत का यह आदेश बीएचईएल को दिया गया है।

इस अनुबंध के अंतर्गत बीएचईएल के कार्यक्षेत्र में एफ़जीडी और एससीआर सहित 1x300 टीपीएच (टन प्रति घंटा) कोयला आधारित बॉयलर, 18.5 मेगावाट स्टीम टर्बाइन जनरेटर और संबद्ध सहायक उपकरणों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, इरेक्शन, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य सम्मिलित हैं।

यह आदेश प्राप्त कर, बीएचईएल ने न केवल नाल्को के सभी पावर प्लांटों {अंगुल के स्मेल्टर प्लांट (10x120 मेगावाट) और दामनजोडी के अलुमिना रिफाइनरी प्लांट (5x18.5 मेगावाट)} की आपूर्ति करने के अपने ट्रैक रिकॉर्ड को बनाए रखा है अपितु इसके साथ-साथ ही बीएचईएल भारत सरकार की **'मेक इन इंडिया'** पहल में भी योगदान कर रहा है।

बीएचईएल भारत का सबसे बड़ा विद्युत उत्पादन उपकरणों का निर्माता है, जिसने वैश्विक स्तर पर 1,90,000 मेगावाट से अधिक के विद्युत संयंत्र उपकरण स्थापित किए हैं। कंपनी के पास भारत में पेट्रोकेमिकल, रिफाइनरी, उर्वरक, सीमेंट, स्टील, रसायन, चीनी, कागज आदि सभी प्रमुख उद्योगों सहित उद्योग विशेष के वाष्प एवं विद्युत आवश्यकताओं के लिए अनुकूलित समाधान प्रदान करने में एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है, और देश के सभी प्रमुख औद्योगिक संयंत्र बीएचईएल द्वारा निर्मित उपकरणों से सुसज्जित हैं।

पिछले कुछ वर्षों से संकुचित होते हुए बाजार में भी बीएचईएल, वैश्विक कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, अपने औद्योगिक उत्पादों और प्रणालियों के लिए अपनी मजबूत बाजार स्थिति और बाजार हिस्सेदारी को बनाए हुए है।